# *Sitting arrangement*

*Reasoning with Mohit Kawatra*

1. Six friends ( David, Bhanu, Minto, Krita, John and Nisan ) are sitting in a circle with their backs towards the center. David and Minto are sitting to the immediate left and right of Bhanu, respectively. John is not sitting to the immediate left of David. Nisan is sitting third to the right of Bhanu. Who is sitting second to the left of Bhanu ?
छह मित्र (डेविड, भानु, मिंटो, क्रिता, जॉन और निसान) एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की विपरीत दिशा की तरफ मुख करके बैठे हैं। डेविड और मिंटो क्रमश: भानु के ठीक बाएँ और दाएँ बैठे हैं। जॉन, डेविड के ठीक बायें नहीं बैठा है। निसान, भानु के दायें से तीसरा हैं । भानु के बाएं से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?
(a) John/ जॉन (b) Krita/ क्रिता
(c) Nisan/ निसान (d) Minto/ मिंटो

2. Six employes (A,B,C,D,E,F) are sitting at a round table with eight chairs. Two of them are not sitting exactly opposite each other. One has nobody sitting adjacent to him. E is sitting to the third right of F. B is sitting opposite A. D is sitting opposite E who is second right to A. C is sitting between A and E. What is the position of F with respect to C ?
छह कर्मचारी (A,B,C,D,E,F) आठ कुर्सियों वाली एक गोल मेज पर बैठे हैं। उनमें से दो एक दूसरे के बिल्कुल विपरीत नहीं बैठे हैं। किसी के बगल में कोई नहीं बैठा है। E, F के दायें तीसरे स्थान पर बैठा है। B, A के विपरीत बैठा है। D, E के विपरीत बैठा है जो A के दाएं दूसरे स्थान पर है। C, A और E के बीच में बैठा है। C के संबंध में F का स्थान क्या है?
(a) First right/ पहला दायां
(b) Second left/ दूसरा बायां
(c) Second right/ दूसरा दांया
(d) First left/ पहले बाए

3. Six students (Sonal, Rana, Mary, Karishma, Kumari and Lavanya ) are sitting around a circular table facing the center. Sonal is sitting second to the right of Lavanya. Rana is sitting second to the right of Sonal. Karishma is sitting third to the right of Rana. Mary is an immediate neighbour of both Rana and Sonal.Who is sitting immediate right of Kumari?
छह छात्र (सोनल, राणा, मैरी, करिश्मा, कुमारी और लावण्या) केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। सोनल, लवन्या के दायें से दूसरे स्थान पर बैठी है। राणा, सोनल के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है। करिश्मा, राणा के दायें से तीसरे स्थान पर बैठी है। मैरी, राणा और सोनल दोनों की निकटतम पड़ोसी है। कुमारी के निकटतम दाएं कौन बैठा है?
(a) Mary / मैरी (b) Karishma/ करिश्मा
(c) Rana/ राणा (d) Lavanya/ लवन्या

4. Six students ( Kusum, Aryan, Bobby, Simran, Sheetal and Asviya) are sitting around a circlular table facing the center. Bobby is an immediate neighbour of both Aryan and Kusum. Simran is an immediate neighbour of Asviya and Sheetal. Kusum is an immediate neighbour of both Bobby and Asviya. Sheetal is an immediate neighbour of both Aryan and Simran. Who is sitting third to the left of Sheetal?
छह छात्र (कुसुम, आर्यन, बॉबी, सिमरन, शीतल और असविया) एक गोलाकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। बॉबी, आर्यन और कुसुम दोनों का निकटतम पड़ोसी है। सिमरन, असविया और शीतल की निकटतम पड़ोसी है। कुसुम, बॉबी और असविया दोनों की निकटतम पड़ोसी है। शीतल, आर्यन और सिमरन दोनों की निकटतम पड़ोसी है। शीतल के बाई ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?
(a) Bobby / बॉबी (b) Asviya / असविया
(c) Aryan/ आर्यन (d) Kusum/ कुसुम

Reasoning with Mohit Kawatra

5. Eight girls ( G1, G2, G3, G4, G5, G6, G7, and G8) are sitting around a circular table facing the center ( not necessarily in the same order ). G5 is third to the right of G1. G8 is second to the right of G4. G4 is not the immediate neighbor of G1 or G5. G6 and G2 are immediate neighbors. G2 is not the immediate of G1. G7 is not the immediate neighbor of G8. Which of the following statements is correct?
आठ लड़कियाँ (G1, G2, G3, G4, G5, G6, G7 और G8) एक वृत्ताकार मेज के केंद्र की ओर मुख करके (आवश्यक नहीं है कि इसी क्रम में हों) बैठे हैं। G5, G1 के दाई ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। G8, G4 के दाई ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। G4, G1 या G5 का निकटतम पड़ोसी नहीं है। G6 और G2 निकटतम पड़ोसी हैं। G2, G1 का निकटतम पड़ोसी नहीं है। G7, G8 का निकटतम पड़ोसी नहीं है। निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही हैं?

I. G7 is the immediate left of G4.
G7, G4 के निकटतम बाई ओर है।

II. G1 and G3 are neighbours of G8.
G1 और G3, G8 के पड़ोसी हैं।

(a) Only I is correct. / केवल I सही है।
(b) Neither I nor II is correct. / न तो I और न ही II सही है।
(c) Only II is correct. / केवल II सही है।
(d) Both I and II are correct. / I और II दोनों सही हैं।

6. Five people (M1, M2, M3, M4 and M5) are sitting around a circular table facing the center (but not necessarily in the same order). Only one person is sitting between M3 and M4. M2 is sitting second to the left of M4. M1 is sitting to the immediate right of M2. How many people are sitting between M2 and M1, when counted from the left of M2?
पाँच व्यक्ति (M1, M2, M3, M4 और M5) एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (आवश्यक नहीं है की इसी क्रम में हों)। केवल एक व्यक्ति M3 और M4 के बीच में बैठा है। M2, M4 के बाई ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। M1, M2 के निकटतम दाई ओर बैठा है। M2 के बाई ओर से गिने जाने पर M2 और M1 के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

(a) 3 (b) 2
(c) 0 (d) 1

7. Eight girls (X, Y, Z, U, V, W, S and T) are sitting around a circular table, facing towards the center (not necessarily in the same order). X is second to the left of U. U is third to the left of V. Z is third to the right of S. S is not the immediate neighbour of V. T is third to the right of Y who is second to the right of S. Three out of the following four options are similar by a certain logic and form a group. Which of the following does NOT belong to that group?
आठ लड़कियाँ (X, Y, Z, U, V, W, S और T) एक गोलाकार मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठी हैं (आवश्यक नहीं कि वे इसी क्रम में हों)। X, U के बाई ओर दूसरे स्थान पर है। U, V के बाई ओर तीसरे स्थान पर है। Z, S के दाई ओर तीसरी है। S, V की निकटतम पड़ोसी नहीं है। T, Y के दाई ओर तीसरे स्थान है जो S के दाई ओर दूसरे स्थान पर है। निम्निलिखित चार विकल्पों में से तीन एक निश्चित तर्क से समान हैं और एक समूह का निर्माण करते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा उस समूह से संबंधित नहीं है?

(a) YS (b) WV
(c) YZ (d) UX

8. Six girls ( Pooja, Qimat, Reeti, Shweta, Tejaswini and Vineeta) are sitting around a circular table. All of them are facing towards the center of the table (but not necessarily in the same order). Tejaswini is the immediate neighbour of Vineeta and Reeti. Pooja is to the immediate left of Vineeta. Qimat is fourth to the right of Pooja. Shweta is to the immediate left of Pooja. Who is sitting to the immediate left of Shweta?
छह लड़कियाँ (पूजा, किमत, रीति, श्वेता, तेजस्विनी और विनीता) एक गोलाकार मेज के परित: बैठी हैं। सभी के मुख मेज के केंद्र की ओर हैं (लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हो)। तेजस्विनी, विनीता और रीति की निकटतम पड़ोसी है। पूजा, विनीता के ठीक बाएँ बैठी है। किमत, पूजा के दाएँ से चौथे स्थान पर बैठी है। श्वेता, पूजा के निकटतम बाएँ ओर है। श्वेता के निकटतम बाएँ में बगल में कौन बैठी है?

(a)Tejaswini/तेजस्विनी (b)Pooja/पूजा
(c)Qimat/किमत (d)Reeti/रीति

Reasoning with Mohit Kawatra

9. Six friends (A, B, C, D, E and F) are sitting around a circular table facing the center (not necessarily in the same order). A sits third to the left of D. D sits to the immediate right of B. B sits second to the left of E. C sits second to the right of F. Who sits second to the right of A?
छह मित्र (A, B, C, D, E और F) एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हो)। A, D के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। D, B के दाएँ निकटतम स्थान पर बैठा है। B, E के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। C, F के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। A के दाएँ से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?
(a) C (b) B
(c) E (d) F

10. Seven girls (A, B, C, D, E, F, and G) are sitting around a circular table facing opposite the center (not necessarily in the same order). E is second to the right of A. C is the immediate neighbor of E. D is third to the right of C. B is the immediate neighbor of E and A. F is fourth to the right of A. Which of the following statements is correct?
सात लड़कियाँ (A, B, C, D, E, F और G) एक वृत्ताकार मेज के केंद्र के विपरीत मुख करके बैठी हैं (आवश्यक नहीं है कि इसी क्रम में हों)। E, A के दाईं ओर दूसरे स्थान पर है। C, E की निकटतम पड़ोसी है। D, C के दाईं ओर तीसरे स्थान पर है। B, E और A की सन्निकट पड़ोसी है। F, A के दाईं ओर चौथे स्थान पर है। निम्नलिखित कथनों में से कौन सही है?
I. D is next to the right of G.
D, G के दाएं ओर बगल में है।
II. A is third to the left of B.
A, B के बाईं ओर से तीसरे स्थान पर है।
(a) Only II/ केवल II
(b) Both I and II/ I और II दोनों
(c) Only I/ केवल I
(d) Neither I nor II/ न तो I और न ही II

11. Seven boys (B1, B2, B3, B4, B5, B6 and B7) are sitting around a circular table facing towards the center (not necessarily in the same order). B1 is third to the left of B7. B4 is to the immediate left of B1. B2 is second to the left of B6. B6 is not an immediate neighbour of B5. Who are the immediate neighbours of B3?
सात लड़के (B1, B2, B3, B4, B5, B6 और B7) एक वृत्ताकार मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं(आवश्यक नहीं है कि इसी क्रम में हों)। B1, B7 के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। B4, B1 के बाईं ओर निकटतम स्थान पर बैठा है। B2, B6 के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। B6, B5 के निकटतम पड़ोसी नहीं है। B3 के निकटतम पड़ोसी कौन हैं?
(a) B5 and B4 / B5 और B4
(b) B6 and B7/ B6 और B7
(c) B1 and B2/ B1 और B2
(d) B4 and B6/ B4 और B6

12. Seven persons (G, M, R, K, L, P and C) are sitting around a circular table facing the center. The following information is known about them. G is to the immediate right of K, who is third to the left of C. R is adjacent to both C and P. M is not adjacent to G. Who is third to the left of M?
सात व्यक्ति (G, M, R, K, L, P और C) एक गोलाकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। इनके बारे में निम्नलिखित जानकारी ज्ञात होती है। G, K के ठीक दाएँ ओर निकटतम है, जो C के बाएँ से तीसरे स्थान पर है। R, C और P दोनों के निकट है। M, G के निकट नहीं है। M के बाएँ से तीसरा कौन है?
(a) C (b) L
(c) R (d) G

13. Six persons (Arun, Brij, Chaman, Danish, Evan and Farukh) sit around a circular table facing the center. Farukh is second to the right of Arun. Danish is second to the left of Chaman. Brij is to the immediate right of Farukh. Who sits third to the left of Evan?
छह व्यक्ति (अरुण, बृज, चमन, दानिश, इवान और फारुख) एक वृत्ताकार मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। फारुख, अरुण के दाईं ओर दूसरे स्थान पर है। दानिश, चमन के बाईं ओर दूसरे स्थान पर है। बृज, फारुख के दाईं ओर बिल्कुल बगल में है। इवान के बाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?
(a) Farukh/ फारुख (b) Arun/ अरुण
(c) Danish / दानिश (d) Chaman/ चमन

Reasoning with Mohit Kawatra

14. Eight students (S1, S2, S3, S4, S5, S6, S7 and S8) are sitting around a circular table facing towards the center (not necessarily in the same order). S2 is second to the right of S4. S6 is third to the left of S4. S3 is second to the left of S1. S6 is second to the right of S1. S7 is third to the right of S5. Three out of the following four options are similar by a certain logic and form a group. Which of the following does NOT belong to that group?
आठ विद्यार्थी (S1, S2, S3, S4, S5, S6, S7 और S8) एक वृत्ताकार मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (आवश्यक नहीं है कि इसी क्रम में हों)। S2, S4 के दाई ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। S6, S4 के बाई ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। S3, S1 के बाई ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। S6, S1 के दाई ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। S7, S5 के दाई ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। निम्नलिखित चार विकल्पों में से तीन एक निश्चित तर्क द्वारा एक समान हैं और एक समूह बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प उस समूह से संबंधित नहीं है?
(a) S3, S1 (b) S5, S8
(c) S4, S2 (d) S7, S8

15. Eight girls (A, B, C, D, E, F, G and H) are sitting around a circular table facing opposite to the center (not necessarily in the same order). B is second to the left of D. F is third to the left of B. A is second to the left of F. C is second to the left of A. G is third to the left of E. Three out of the following four options are similar by a certain logic and form a group. Which of the following does NOT belong to that group?
आठ लड़कियाँ (A, B, C, D, E, F, G और H) एक वृत्ताकार मेज के केंद्र से विमुख होकर बैठी हैं (आवश्यक नहीं है कि इसी क्रम में हों)। B, D के बाई ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। F, B के बाई ओर तीसरे स्थान पर बैठी है। A, F के बाई ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। C, A के बाई ओर दूसरे स्थान पर बैठी है। G, E के बाई ओर तीसरे स्थान पर बैठी है। चार विकल्पों में से तीन एक निश्चित तर्क के आधार पर एक समान हैं और एक समूह का निर्माण करते हैं। निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प उस समूह से संबंधित नहीं है?
(a) A, C, E (b) D, B, H
(c) D, H, G (d) C, E, F

16. Eight friends (Jay, King, Lisa, Mon, Nia, Ori, Piu, and Ria) are sitting around a circular table facing the center. Jay is sitting second to the right of Piu who is sitting third to the right of King. Mon is sitting second to the left of Ori, who sits between Piu and Jay. Lisa is not a neighbour of King or Nia. Who is sitting to the immediate right of King?
आठ मित्र (जय, किंग, लीजा, मॉन, निया, ओरी, पियू और रिया) एक वृत्ताकार मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। जय, पियू के दायीं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है, जो कि किंग के दायीं ओर तीसरे स्थान पर बैठी है। मॉन, ओरी के बायीं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है, जो कि पियू और जय के बीच में बैठी है। लीजा, किंग या निया की पड़ोसन नहीं है। किंग के बिल्कुल बगल में दायीं ओर कौन बैठा/बैठी है?
(a) Piu/ पियू (b) Mon/ मॉन
(c) Ori/ ओरी (d) Nia/ निया

17. (A, B, C, D, E and F) are standing in a circle and talking, facing the center of the circle. E is standing immediate right to C. D is at the third position towards the left of C. A is standing at the second place towards the right of F. Who is standing to the immediate right of D?
(A, B, C, D, E और F) एक घेरे में, घेरे के केंद्र की ओर अभिमुख होकर खड़े हैं और आपस में बातें कर रहे हैं। E, C के बिल्कुल बगल में दायीं ओर खड़ा है। D, C के बायीं ओर तीसरे स्थान पर खड़ा है। A, F के दायीं ओर दूसरे स्थान पर खड़ा है। D के बिल्कुल बगल में दायीं ओर कौन खड़ा है?
(a) B (b) E
(c) C (d) A

**Directions (18-19):- Answer the questions based on the information given below :**

**निर्देश ( 18-19 ): नीचे दी गई जानकारी के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दें:**

Eight family members (&, %, #, @, *, +, - and $) are sitting around circular table facing the centre, (but not necessarily in the same order). There are four males and four females. "$" is third to the right of "%" who is the son of "&". "*" is an immediate neighbour of "$" and second to the left of his son. "+" who is married to "%" and is third to the right of "*'s" son. "#" and her mother "&" are immediate neighbours of each other. "#" is mother of "@". "-" is female but she is not daughter of "#" and "$". "-" is in third generation. "+" is not immediate neighbour of her husband's sister. "*" is son-in-law of "$" and is not immediate neighbour of "@".

एक परिवार के आठ सदस्य (&, %, #, @, *, +, - और $) केंद्र की ओर मुँह करके गोलाकार मेज के चारों ओर बैठे हैं (लेकिन जरूरी नहीं कि एक ही क्रम में हों)। चार पुरुष और चार महिलाएं हैं। "$", "%" के दाएँ तीसरा है जो "&" का पुत्र है। "*", "$" का तत्काल पड़ोसी है और उसके पुत्र के बाएँ ओर दूसरा है। "+", जो "%" से विवाहित है और "*'s" के पुत्र के दाएँ तीसरा है। "#" और उसकी मां "&" एक-दूसरे के तत्काल पड़ोसी हैं। "#", "@" की माँ है। "-" महिला है लेकिन वह "#" और "$" की बेटी नहीं है। "-" तीसरी पीढ़ी की है। "+" अपने पति की बहन की तत्काल पड़ोसी नहीं है। "*", "$" का दामाद है और "@" का तत्काल पड़ोसी नहीं है।

18. Who sits second to the left of grandson of "&"?
"&" के पोते के बाएँ और दूसरा कौन बैठा है?
(a) + (b) #
(c) $ (d) *

19. Who is sitting third to the right of daughter of "%"?
"%" की बेटी के दाएँ तीसरा कौन बैठा है?
(a) + (b) &
(c) @ (d) #


# ANSWER KEY

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1.(b) | 2.(b) | 3.(d) | 4.(d) |
| 5.(d) | 6.(a) | 7.(c) | 8.(c) |
| 9.(b) | 10.(c) | 11.(d) | 12.(a) |
| 13.(d) | 14.(d) | 15.(c) | 16.(d) |
| 17.(d) | 18.(d) | 19.(c) | |

Reasoning with Mohit Kawatra


# Solution

1.(b) After arranging the persons as per directions given in the question, we get the following arrangement :
व्यक्तियों को प्रश्न में दिए गए निर्देशों के अनुसार व्यवस्थित करने के बाद, हमें निम्नलिखित व्यवस्था मिलती है:





**Clearly, we can see that Krita is sitting second to the left of Bhanu.**
**स्पष्ट रूप से, हम देख सकते हैं कि क्रिता, भानु के बायें से दूसरे स्थान पर बैठी है।**

2.(b) Applying directions given in the question, we get following arrangement :
प्रश्न में दिए गए निर्देशों को लागू करने पर हमें निम्नलिखित व्यवस्था प्राप्त होती है





**Clearly, F is sitting second to the left of C.**
**स्पष्ट रूप से, F, C के बायें से दूसरे स्थान पर बैठा है।**

3.(d) Applying directions given in the question, we get following arrangement :
प्रश्न में दिए गए निर्देशों को लागू करने पर हमें निम्नलिखित व्यवस्था प्राप्त होती है:




**From the above figure we can clearly see that Lavanya is sitting to the immediate right of Kumari.**
**उपरोक्त चित्र से हम स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि लावण्या, कुमारी के ठीक दायें बैठी है।**


4.(d) Applying directions given in the question, we get following arrangement :
प्रश्न में दिए गए निर्देशों को लागू करने पर हमें निम्नलिखित व्यवस्था प्राप्त होती है




Clearly, we can see that Kusum is sitting third to the left of Sheetal.
स्पष्ट रूप से, हम देख सकते हैं कि कुसुम शीतल के बाई ओर तीसरे स्थान पर बैठी है।


5.(d) Applying directions given in the question, we get following arrangement :
प्रश्न में दिए गए निर्देशों को लागू करने पर हमें निम्नलिखित व्यवस्था प्राप्त होती है

Reasoning with Mohit Kawatra





Clearly, we can see that G7 is the immediate left of G4. Also G1 and G3 are neighbour of G8.
**Hence, both Statement I and II are correct.**
स्पष्ट रूप से, हम देख सकते हैं कि G7, G4 के ठीक बाईं ओर है। साथ ही G1 और G3 G8 के पड़ोसी हैं।
**अतः कथन I और II दोनों सही हैं।**

6.(a) Applying directions given in the question, we get following arrangement :
प्रश्न में दिए गए निर्देशों को लागू करने पर हमें निम्नलिखित व्यवस्था प्राप्त होती है:-





**Clearly, we can see that there are total 3 persons (that is M3, M5 and M4) between M2 and M1 when counted from the left of M2.**
**स्पष्ट रूप से, हम देख सकते हैं कि M2 के बाई ओर से गिनने पर M2 और M1 के बीच कुल 3 व्यक्ति (अर्थात M3, M5 और M4) हैं।**

7.(c) Applying directions given in the question, we get following arrangement :
प्रश्न में दिए गए निर्देशों को लागू करने पर, हमें निम्नलिखित व्यवस्था मिलती है:




Here, except option (c) that is YZ, in all other option two girls are sitting one seat away from each other while in case of YZ both girls are sitting adjacent to each other. Hence, **option (c) is the correct answer.**
यहां, विकल्प (c) को छोड़कर जो कि YZ है, अन्य सभी विकल्पों में दो लड़कियां एक-दूसरे से एक सीट दूर बैठी हैं जबकि YZ के मामले में दोनों लड़कियां एक-दूसरे के बगल बैठी हैं। **अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।**


8.(c) Applying directions given in the question, we get following arrangement :
प्रश्न में दिए गए निर्देशों को लागू करने पर, हमें निम्नलिखित व्यवस्था मिलती है:




**Clearly, we can see that Qimat is sitting to the immediate left of Shweta.**
**स्पष्ट रूप से, हम देख सकते हैं कि किमत श्वेता के ठीक बायीं ओर बैठी है।**


9.(b) After arranging the people as per directions given in the question, we have follwing arrangement :
प्रश्न में दिए गए निर्देशों के अनुसार लोगों को व्यवस्थित करने के बाद, हमारे पास निम्नलिखित व्यवस्था है:

Reasoning with Mohit Kawatra





**Clearly, we can see that B is sitting second to the right of A.**
**स्पष्ट रूप से, हम देख सकते हैं कि B, A के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है.**

10.(c) Applying directions given in the question, we get following arrangement :
प्रश्न में दिए गए निर्देशों को लागू करने पर हमें निम्नलिखित व्यवस्था प्राप्त होती है:-





Clearly, we can see that D is next to the right of G while A is not third to the left of B.
**Hence, only statement I is correct**
स्पष्ट रूप से, हम देख सकते हैं कि D, G के दायें के बगल में है जबकि A, B के बायें से तीसरा नहीं है।
**इसलिए, केवल कथन I सही है।**

11.(d) After arranging the persons as per directions given in the question, we get following arrangment :
व्यक्तियों को प्रश्न में दिए गए निर्देशों के अनुसार व्यवस्थित करने के बाद, हमें निम्नलिखित व्यवस्था मिलती है:





**Clearly, we can see that B4 and B6 are the immediate neighbours of B3.**
**स्पष्ट रूप से, हम देख सकते हैं कि B4 और B6 , B3. के निकटतम पड़ोसी हैं**

12.(a) Applying directions given in the question, we get following arrangement :
प्रश्न में दिए गए निर्देशों को लागू करने पर, हमें निम्नलिखित व्यवस्था मिलती है:




**Clearly, we can see that C is third to the left of M.**
**स्पष्ट रूप से, हम देख सकते हैं कि C, M के बायें। से तीसरे स्थान पर है।**


13.(d) After arranging the peoples as per directions given in the question, we get following arrangement :
प्रश्न में दिए गए निर्देशों के अनुसार लोगों को व्यवस्थित करने के बाद, हमें निम्नलिखित व्यवस्था मिलती है: -




**Clearly, we can see that Chaman sits third to the left of Evan.**
**स्पष्ट रूप से, हम देख सकते हैं कि चमन, इवान के बायें से तीसरे स्थान पर बैठा है।**


14.(d) Applying directions given in the question, we get following arrangement :
प्रश्न में दिए गए निर्देशों को लागू करने पर, हमें निम्नलिखित व्यवस्था मिलती है:

Reasoning with Mohit Kawatra





Now, on checking oprions we find that in option (a),(b) and (c) the secound student is secound to the right of the first student.
**Hence, option (d) is the required answer.**
अब, विकल्पों की जाँच करने पर हम पाते हैं कि विकल्प (a), (b) और (c) में दूसरा छात्र पहले छात्र के दायें दूसरा है। **इसलिए, विकल्प (d) उत्तर है।**

15.(c) Applying directions given in the question, we get following arrangement:-
प्रश्न में दिए गए निर्देशों को लागू करने पर, हमें निम्नलिखित व्यवस्था प्राप्त होती है:-





**ACE are sitting in alternate to one another in Anti-clockwise direction .DBH are sitting in alternate to one another in Anti-clockwise direction .CEF are sitting in alternate to one another in Anti-clockwise direction .DHG are not sitting in that same pattern.**
**ACE घडी की विपरीत दिशा में एक दूसरे से बारी-बारी से बैठे हैं। D B H घडी की विपरीत दिशा में एक दूसरे से बारी-बारी से बैठे हैं। C E F घडी की विपरीत दिशा में एक दूसरे से बारी-बारी से बैठे हैं। D H G उसी पैटर्न में नहीं बैठे हैं।**

16.(d) Applying directions given in the question, we get following arrangement:-
प्रश्न में दिए गए निर्देशों को लागू करने पर, हमें निम्नलिखित व्यवस्था प्राप्त होती है:-





**Immediately to the right of king is Nia.**
**राजा के ठीक दायीं ओर निया है।**

17.(d) Applying directions given in the question, we get following arrangement:-
प्रश्न में दिए गए निर्देशों को लागू करने पर, हमें निम्नलिखित व्यवस्था प्राप्त होती है:-





**A is immediate right of 'D'.**

**Answer (18-19) :-** Applying directions given in the question, we get following arrangement:-
प्रश्न में दिए गए निर्देशों को लागू करने पर, हमें निम्नलिखित व्यवस्था प्राप्त होती है:-




**Blood Realation :-**






18.(d)
19.(c)

Reasoning with Mohit Kawatra